दिनांक—21.04.2024
समय—7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :—

- **लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच का कार्य पूरा, प्रदेश में 144 अभ्यर्थियों ने दाखिल किए फार्म।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा-वह उन लोगों में से नहीं हैं जो देश की सबसे प्रतिष्ठित कुर्सी पर रहते हुए अपनी शक्तियों और पद का आनंद लेते हैं**
- **प्रदेश में पहले चरण में 67 दशमलव 75 प्रतिशत रहा मतदान, निर्वाचन आयोग ने अंतिम आंकडे किए जारी**
- **प्रदेश में बारिश के बाद फिर गर्मी का असर, आज 20 जिलों में बारिश की संभावना**

**नाम निर्देशन पत्र**

**लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच कल की गई। इस चरण में दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 94 संसदीय सीटों के लिए 7 मई को चुनाव होगा। प्रदेश में तीसरे चरण में कुल 144 अभ्यर्थियों द्वारा 223 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र से 18 प्रत्याशियों द्वारा जमा किये गये नामांकन की जांच के दौरान दो प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हो गये हैं। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर द्वारा जमा किया गया नामांकन भी निरस्त कर दिया गया है। अब चुनावी मैदान में 16 प्रत्याशी शेष हैं। ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में प्राप्त हुए नाम-निर्देशन पत्रों की जाँच में एक उम्मीदवार का नामांकन विभिन्न त्रुटियों की वजह से निरस्त हुआ। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। वहीं चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। सागर लोकसभा के लिए सभी 14 नाम निर्देशन-पत्र सही पाए गए। कल नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन होगा।**

**चौथे चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा। सभी चरणों में हुये मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।**

**पीएम सेवक**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है, वह सेवक हैं, लोगों की सेवा करने वाले हैं, शासक नहीं। कल एक मीडिया समूह के साथ एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री**

ने कहा, वह उन लोगों में से नहीं हैं जो देश की सबसे प्रतिष्ठित कुर्सी पर रहते हुए अपनी शक्तियों और पद का आनंद लेते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह गारंटी के साथ लोगों के पास जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के लिए 400 से अधिक सीटों का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा, लोकतंत्र में हर राजनीतिक दल को लोगों का विश्वास अर्जित करने के लिए चुनाव लड़ने की इच्छा रखनी चाहिए। निर्वाचित होने पर वे जो कानून या नीतियां बनाते हैं, वे देश को आगे ले जाने के दृष्टिकोण के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह या उनकी पार्टी 2024 का चुनाव नहीं लड़ रही है, बल्कि यह देश के लोगों द्वारा शुरू की गई और आगे बढ़ाई गई एक पहल है।

## मतदाता जागरुकता

प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बैतूल जिले की ग्राम सिमौरी में घर-घर पीले चावल देकर 7 मई मतदान दिवस हेतु निमंत्रण दिया गया। साथ ही शादी के हरे मंडप में दूल्हा-दुल्हन सहित घराती और बाराती को मतदान की शपथ दिलाई गई। गुना के जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह कल विधानसभा बमोरी के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत भवनों, एसएसटी नाका हमीरपुर का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। शिवपुरी जिले में लोकसभा के लिए समस्त व्यवस्थाओं एवं निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

## विदेशी मुद्रा ट्रेडिंग ऐप

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निवेशकों से 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले ऑक्टाएफएक्स ट्रेडिंग ऐप और वेबसाइट की चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच में मुंबई में तलाशी अभियान चलाया। ईडी ने अंतरराष्ट्रीय दलालों और व्यापारियों से जुड़े विदेशी मुद्रा व्यापार घोटाले में विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेजों और डिजिटल उपकरणों को जब्त कर लिया है। कुर्क की गई संपत्तियों में कुल 35 करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरेंसी, बैंक बैलेंस और सोने के सिक्के शामिल हैं।

## ई.पी.एफ.ओ. - आंकडे

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में इस वर्ष फरवरी के महीने में 15 लाख 48 हजार नए सदस्य जुड़े। इसका सबसे उल्लेखनीय पहलू यह है कि नए सदस्यों में अधिकांश 18 से 25 वर्ष के आयु वर्ग के हैं। कुल नए सदस्यों का यह 56 दशमलव तीन छह प्रतिशत है। इससे जाहिर होता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश लोग युवा हैं।

## जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

## मतदान प्रतिशत

प्रदेश में पहले चरण के लिए छह सीटों में हुए मतदान का प्रतिशत मुख्य निर्वाचन आयोग ने कल जारी किए। सभी छह सीटों पर 67 दशमलव 75 प्रतिशत मतदान हुआ। सीधी में सबसे कम 56 दशमलव 50 प्रतिशत मतदान हुआ। शहडोल में 64 दशमलव 68, जबलपुर में 61, मंडला में 72 दशलमव 84, बालाघाट 73 दशमलव 45 और छिंदवाडा लोकसभा क्षेत्र में 79 दशमलव 83 प्रतिशत मतदान हुआ।

## महावीर जयंती

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के नागरिकों विशेषकर जैन समुदाय के लोगों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान महावीर अहिंसा और करूणा के प्रतीक हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इस अवसर पर हमें राष्ट्र के विकास के लिए समर्पण के साथ काम करने और समाज में एकता तथा प्रेम का प्रसार करने का प्रण लेना चाहिए।

महावीर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह दस बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में 2 हजार 550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करने के साथ सभा को संबोधित भी करेंगे।

**मौसम**

प्रदेश में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद फिर गर्मी का असर शुरु हो गया हैं। दिनभर तेज धूप के कारण तापमान में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। हॉलांकि मौसम विभाग ने राज्य में अगले 2 दिनों में इंदौर,जबलपुर सहित 19 जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। आंधी के साथ बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 21 से 23 अप्रेल तक प्रदेश में पश्चिमी विछोभ का असर रहेगा। इसके चलते बूंदाबादी और आंधी का दौर रहेगा। आज इंदौर, देवास, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पां□ुर्ना, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिवनी, मंडला, कटनी, उमरिया, डिंडोरी, शहडोल, और अपूपपुर जिलों में बारिश के आसार है। कल नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट,डिंडोरी और अनूपपुर में बारिश हो सकती है।

**आईपीएल क्रिकेट**

आईपीएल क्रिकेट में दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद ने कल दिल्ली कैपिटल्स को 67 रनों से हरा दिया। 267 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली 19 ओवर 1 बॉल में 199 रन पर ऑलआउट हो गई। दिल्ली के लिए जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने 18 गेंदों पर शानदार 65 रनों का योगदान दिया। हैदराबाद के लिए टी नटराजन ने 4 विकेट लिए। प्वाइंट टेबल में हैदराबाद चौथे स्थान पर है, जबकि दिल्ली छठे स्थान पर है। आज 2 मैच खेले जाएगे । दोपहर बाद 3.30 बजे से कोलकात्ता और बेंगलरू के बीच मैच होगा। पंजाब और गुजरात के बीच शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- **प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों के दौरे जारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 24 अप्रेल को बैतूल और सागर में चुनावी सभा को सम्बोधित करने का कार्यक्रम है। आज सतना में कांग्रेस के वरिष्ट नेता राहुल गांधी चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे।**

- बैतूल में कल जिला जेल बैतूल में स्वास्थ्य परीक्षण तथा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 57 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।
- बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वियतनाम से 45 अधिकारियों का दल पहुंचा है। दल के सदस्य यहां की सुरक्षा और व्यवस्था के साथ जंगल और प्रबंधन की तैयारियों की जानकारी लेने के साथ-साथ प्रबंधन द्वारा कराए गए कार्यों को देखकर संरक्षण और सुरक्षा को जानेंगे।

---

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

नाम निर्देशन पत्र

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच कल की गई। इस चरण में दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 94 संसदीय सीटों के लिए 7 मई को चुनाव होगा। प्रदेश में तीसरे चरण में कुल 144 अभ्यर्थियों द्वारा 223 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र से 18 प्रत्याशियों द्वारा जमा किये गये नामांकन की जांच के दौरान दो प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हो गये हैं। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर द्वारा जमा किया गया प्रतिष्ठानी प्रत्याशी के रूप में नामांकन भी निरस्त कर दिया गया है। अब चुनावी मैदान में 16 प्रत्याशी शेष हैं। ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में प्राप्त हुए नाम-निर्देशन पत्रों की जाँच में एक उम्मीदवार का नामांकन विभिन्न त्रुटियों की वजह से निरस्त हुआ। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। वहीं चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। सागर लोकसभा के लिए सभी 14 नाम निर्देशन-पत्र सही पाए गए। कल नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन होगा।

चौथे चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा। सभी चरणों में हुये मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

नाम निर्देशन पत्र

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच कल की गई। इस चरण में दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 94 संसदीय सीटों के लिए 7 मई को चुनाव होगा। प्रदेश में तीसरे चरण में कुल 144 अभ्यर्थियों द्वारा 223 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र से 18 प्रत्याशियों द्वारा जमा किये गये नामांकन की जांच के दौरान दो प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हो गये हैं। वहीं

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर द्वारा जमा किया गया प्रतिष्ठानी प्रत्याशी के रूप में नामांकन भी निरस्त कर दिया गया है। अब चुनावी मैदान में 16 प्रत्याशी शेष हैं। ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में प्राप्त हुए नाम-निर्देशन पत्रों की जाँच में एक उम्मीदवार का नामांकन विभिन्न त्रुटियों की वजह से निरस्त हुआ। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। वहीं चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। सागर लोकसभा के लिए सभी 14 नाम निर्देशन-पत्र सही पाए गए। कल नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन होगा।

चौथे चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा। सभी चरणों में हुये मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

## मतदाता जागरुकता

प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बैतूल जिले की ग्राम सिमौरी में घर-घर पीले चावल देकर 7 मई मतदान दिवस हेतु निमंत्रण दिया गया। साथ ही शादी के हरे मंडप में दूल्हा-दुल्हन सहित घराती और बाराती को मतदान की शपथ दिलाई गई। गुना के जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह कल विधानसभा बमोरी के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत भवनों, एसएसटी नाका हमीरपुर का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। शिवपुरी जिले में लोकसभा के लिए समस्त व्यवस्थाओं एवं निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

## मौसम

प्रदेश में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद फिर गर्मी का असर शुरु हो गया हैं। दिनभर तेज धूप के कारण तापमान में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। हॉलांकि मौसम विभाग ने राज्य में अगले 2 दिनों में इंदौर,जबलपुर सहित 19 जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। आंधी के साथ बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 21 से 23 अप्रेल तक प्रदेश में पश्चिमी विछोभ का असर रहेगा। इसके चलते बूंदाबादी और आंधी का दौर रहेगा। आज इंदौर, देवास, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पां□र्ना, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिवनी, मंडला, कटनी, उमरिया, डिंडोरी, शहडोल, और अपूपपुर जिलों में बारिश के आसार है। कल नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट,डिंडोरी और अनूपपुर में बारिश हो सकती है।